हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

11 पृथ्वी दिवस पर जिले भर के स्कूलों में हुए कार्यक्रम




12 सोनीपत चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त



## खबर संक्षेप

### इनेलो ने अनूप दहिया को प्रत्याशी बनाया

**खरखौदा ।** इनेलो ने अपेक्षा के अनुरूप सिसाना निवासी अनूप दहिया को सोनीपत से प्रत्याशी घोषित किया है। अपेक्षित इसलिए कि अनूप दहिया ने इसी महीने की सात तारीख को इनेलो नेता अभय चौटाला को अपने आवास पर आमंत्रित किया था। अनूप दहिया सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) हैं। उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। कुश्ती प्रशिक्षक के तौर पर उन्हें स्टेट स्पोर्ट्स अवार्ड से नवाजा जा चुका है। प्रशिक्षक के सर्वोच्च पुरस्कार द्रोणाचार्य अवार्ड से वे सम्मानित हैं। पुलिस सेवा और कुश्ती दांव पेंच सीखाने के बाद अब वो राजनीतिक अखाड़े में कूदने जा रहे हैं।

### बिचपड़ी से पांच पशु चोरी वारदात कैमरे में कैद

**गोहाना।** गोहाना सदर थाने के बिचपड़ी गांव में एक पशुपालक के पशु बाड़े के मेन गेट का ताला तोड़ कर पांच पशु चुरा लिए गए। रविवार की रात हुई चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी दिखाई दे रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया।आनंद पुत्र गंगादत्त बिचपड़ी गांव का रहने वाला है। वह खेती बाड़ी के साथ पशुपालन का काम करता है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि रोज की तरह से रात के समय परिवार के सदस्य अपने-अपने कमरों में सोए हुए थे। आनंद के अनुसार सुबह जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए गया, पशु बाड़े के मेन गेट का ताला टूटा हुआ। अज्ञात चोर रात के समय 3 भैंस और 2 कटड़े चुरा कर ले गए।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर सोनीपत पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनय निवासी पिपली हाल में सेक्टर-12 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत 21 अप्रैल को पलिस से शिकायत देकर बताया कि वह रात को करीब 10 बजे अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में गया हुआ था। जहां एक अनजान व्यक्ति ने उसकी नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की। आरोपी को जेल भेजा गया है।

## चुनावी माहौल में हिंसक घटनाओं से सवालों के घेरे में जिले की सुरक्षा व्यवस्था

# 2 दिन में 5 हत्याओं से दहला सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

चुनावी माहौल में राजनीतिक गर्मी बढ़ने की बजाए सोनीपत में आपराधिक गतिविधियां बढ़ती नजर आ रही हैं। आए दिन हो रहे सबसे बड़े अपराध यानि की हत्याओं की वजह से सोनीपत जिला भय के आगोश में हैं। आलम ये है कि केवल दो दिनों में ही जिले में कुल 5 हत्या की वारदात सामने आ चुकी हैं। असमय काल का ग्रास बनने वाले इन पांच लोगों में 1 महिला और 4 पुरुष हैं। पुरुषों में 1 किसान, 1 ट्रांसपोर्टर व पूर्व में चाय की दुकान का एक संचालक भी शामिल हैं। ट्रांसपोर्टर को छोड़कर अन्य किसी वारदात को अंजाम देने के लिये बंदूक का सहारा नहीं लिया गया। केवल ट्रांसपोर्टर की हत्या ही गोली मारकर की गई है।

रविवार और सोमवार को हुई हत्याओं में गांव बोहला निवासी रोहित, सिसाना निवासी रणधीर, सबौली निवासी अमरजीत, मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली पूनम और मॉडल टाउन निवासी शमशेर शामिल है। इसमें से पूनम की हत्या मकान की पहली मंजिल से फेंकने के कारण हुई है। अमरजीत जोकि ट्रांसपोर्टर था उसकी हत्या गोली मार कर की गई है। रणधीर जोकि किसान था उसकी हत्या को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अंजाम दिया गया है। शमशेर की हत्या को भी मारपीट कर अंजाम दिया गया है। वहीं बोहला निवासी रोहित की हत्या का आरोप उसके पिता पर लगा है, हालांकि उसकी मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं, लेकिन प्रारंभिक सूचना के आधार पर मारपीट को मौत की वजह बताया जा रहा है।

### चिता से उठाया रोहिता का शव

गांव बोहला के शमशान घाट में रविवार को 23 वर्षीय रोहित के शव का संस्कार किया जा रहा था, मौके पर पुलिस बल पहुंचा तो रोहित का शव चिता से हटावाया गया। पुलिस को गांव के सरपंच राजसिंह ने जानकारी दी थी कि रोहित की हत्या मारपीट के कारण हुई है, जबकि शव का संस्कार करते समय मकान की सीढ़यों से गिरने से लगी चोटों को वजह बताया गया था। सरपंच की सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को चिता से उठवाकर नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां से शव 80 प्रतिश जला होने के कारण पोस्टमार्टम के लिये खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने गांव के सरपंच के बयान पर आरोपित पिता जयप्रकाश के खिलाफ हत्या व शव को खुर्द-बुर्द करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है, हालांकि मौत के कारणों की पुष्टि विसरा रिपोर्ट आने के बाद होगी। लेकिन रोहित के जाने से, ढाई साल की उसकी विवाहिता विधवा हो गई और चार माह के बेटे के सिर से बाप का साया उठ गया।

### खेत में मिला रणधीर का शव

गांव सिसाना-2 निवासी रामकिशन के अनुसार उनका भाई रणधीर (50) पुत्र बलवंत सिंह खेतीबाड़ी करता था। वह अविवाहित थे और ज्यादातर खेत के पड़ोसी रणधीर पुत्र जिले सिंह के खेत में बने कमरे में रहते थे। रविवार को जब वह खेत में पहुंचे तो उनके भाई का शव बरसीम के अंदर पड़ा था। उनके भाई की बेरहमी से पीटकर हत्या की गई थी। उनके भाई के सिर, हाथ, पैर पर चोट के निशान थे। उनका शव खून से लथपथ पड़ा था। उन्होंने पड़ोसी किसान रणधीर पुत्र जिले सिंह, उसके बेटे सुमित, सोनू, उसकी पत्नी, और भाई नरेंद्र पर हत्या का शक जताया था। जिसके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। रामकिशन का आरोप है कि उसने पड़ोसी किसान के खेत में बने कमरे के पास संघर्ष के निशान और खून के छींटें देखे हैं। रणधीर 8 भाई-बहनों में पांचवें नंबर के थे।

### जमीन पर पड़ी मिली पूनम, पड़ोसियों के बयान दर्ज

गांव बढ़मलिक की सहारा कॉलोनी में रविवार सुबह मूलरूप से राजस्थान की रहने वाली पूनम जमीन पर पड़ी मिली थी, उसके दोनों पैर टूटे हुए थे। कमरा नंबर 29 में रहने वाली पूनम से पड़ोसी किराएदार असमत ने बात की तो उसने बताया कि चंदन चौरसिया ने उसे धक्का दिया है। पूनम के बयानों की असमत ने वीडियो भी रिकॉर्ड कर ली थी। इसी बीच सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंचीं तो पूनम को अस्पताल लाया गया, जहां से पीजीआई ले जाया गया। पीजीआई में पूनम ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद चंदन चौरसिया के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। जानकारी मिली है कि पूनम का पति राजस्थान में रहता है और यहां वो अपने बेटे के साथ रहती थी और चंदन को पूनम का परिचित बताया जा रहा है।

### ट्रांसपोर्टर को मारी गोली वजह प्रोफेशनल रंजिश

गांव सबौली निवासी अमरजीत उर्फ मोनू की रविवार देर रात गोली मार कर हत्या कर दी गई। भतीजे हरीश ने बताया कि वारदात के समय वह अपने चाचा के साथ ही था। आरोप लगाया कि सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी के पास गांव के ही गोलू के कहने पर झज्जर के गांव लडरावण निवासी मुकेश उर्फ सीटू ने गोली मारकर हत्या की है। हरीश के अनुसार गोलू के साथ आशीष उर्फ बाली और सीटू का दोस्त भी गाड़ी में सवार था और गोलू जोकि खुद भी ट्रांसपोर्टर है उसने काम लेकर धमकी दी थी। बता दें कि अमरजीत की मौत से 13 साल के बेटे और 11 साल की बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया है।

### शमशेर को गला घोंटकर मार डाला

मॉडल टाउन के रहने वाले शमशेर की हत्या सोमवार को अंजाम दी गई है। बताया गया है कि 49 साल का शमशेर कुछ समय पहले सेक्टर 12 के पास शादीपुर के रकबे में एक चाय की दुकान चलाता था। लगभग 6 माह से शमशेर कोई काम नहीं कर रहा था। जहां चाय की दुकान चलाता था उसी जगह पर सोमवार को अपने साथियों के साथ शराब का सेवन कर रहा था। इसी दौरान दोस्तों के साथ नशे में कहासुनी हुई तो शमशेर की गला दबाकर हत्या कर दी गई। किसी राहगीर ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी

## स्कूटी पर होटल से खाना लेने जा रहे ट्रांसपोर्टर को गोली मारी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सबौली में कारोबार को लेकर ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले के दौरान ट्रांसपोर्टर का भतीजा बाल-बाल बच गया। चाचा-भतीजा स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली के नरेला स्थित होटल पर खाना लेने जा रहे थे। भतीजे के बयान पर पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव सबौली निवासी हरीश ने बताया कि उनके चाचा अमरजीत उर्फ मोनू (38) ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। वह रविवार रात को अपने चाचा के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाना लेने दिल्ली के नरेला होटल पर जा रहे थे। जब वह सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी में पहुंचे तो इसी दौरान वहां कार खड़ी मिली। सडक किनारे खड़ी कार में गांव का गोलू व आशीष उर्फ बाली, झज्जर के गांव लडरावण का मुकेश उर्फ सीटू तथा सीटू का दोस्त बैठे थे। जब वह उनकी कार के पास से गुजरने लगे तो गोलू ने आवाज देकर उन्हें रुकवा लिया। गोलू भी उनके चाचा अमरजीत की तरह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। गोलू ने उन्हें रोकते ही उनके चाचा को कहा कि तू मेरे काम में ज्यादा दखल अंदाजी करता है। मैंने तुझे पहले भी समझाया था, तू अकेला ट्रांसपोर्टर बनना चाहता है। जिसके बाद कार में बैठे चारों युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। साथ ही उन्हें धमकी देते हुए गोलियां चलानी शुरू कर दी।

### कार सवार हमलावरों ने किया हमला



हरीश का कहना है कि वह अपने चाचा को वहां से लेकर वापस मुड़कर जाने लगे। इसी दौरान गोलु ने अपने दोस्त सीटू को कहा कि गोली मार दे। इस दौरान सीटू ने कार से नीचे उतर कर पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दी। हरीश ने आरोप लगाया कि आरोपी ने तीन फायर किए। जिसमें एक गोली उनके कान के पास से गई तो वह बाल-बाल बच गए। इसी दौरान गोली उनके चाचा की कमर के निचले हिस्से में आकर लगी। जिससे उनके चाचा घायल हो गए। जिसके बाद हमलावर भाग गए। वह गांव के ही मोहित के साथ अपने चाचा को कार में लेकर बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। वह उन्हें एक अन्य निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

### चार पर हत्या का केस दर्ज

गांव सबौली में युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। मामले में परिजनों ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है।
इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, थाना प्रभारी, कुंडली।

## परिचित से मिलने पहुंचे व्यक्ति की पीटकर हत्या

**सोनीपत।** सेक्टर-12 पर परिचित से मिलने पहुंचे व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप चार हमलावरों पर लगा है। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में तीन नामजद समेत चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है।

मूलरूप से गांव लाठ फिलहाल शहर के मॉडल टाउन निवासी शमशेर (48) सेक्टर-12 के निकट टी-प्वाइंट के पास चाय की दुकान चलाते थे। उन्होंने आठ माह पहले दुकान बंद कर दी थी। अब चाय की दुकान बंद कर अस्पताल में सेवा भाव से कार्य कर रहे थे। उनके बेटे दीपक ने बताया कि उनके पिता दोपहर को दो बजे घर से किसी परिचित से मिलने की बात कहकर निकले थे। दीपक का आरोप है कि शाम को उनकी मां रेखा ने उन्हें बताया कि तुम्हारे पिता को चोट मारी गई हैं। वह सूचना मिलने पर पिता की चाय की दुकान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि फाजिलपुर के कल्लू, कबीरपुर के मामू व संजय तथा एक अन्य ने उनके पिता को चोट मारी हैं। वह अपने पिता को उठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कल्लू, मामू, संजय व एक अन्य पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।



**सोनीपत।** घटनास्थल पर जांच करते पुलिस कर्मचारी।

## विसरा रिपोर्ट में होगा रोहित की मौत का खुलासा

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिता से निकाले अवशेष का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने जरूरी नमूने लेकर विसरा तैयार करके लैब में जांच के लिए भेजा है। मृतक रोहित की मौत का खुलासा विसरा रिपोर्ट के बाद ही होगा। पुलिस ने इस संबंध में गांव के सरपंच के बयान पर रोहित के पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बोहला निवासी राजसिंह ने 21 अप्रैल को पुलिस से बताया कि वह मौजूदा समय में गांव का सरपंच है। रविवार सुबह उसे पता चला कि रोहित (23) की मकान की सीढ़ियों से गिरने से लगी चोटों के कारण मौत हो गई। जिसके बाद वह ग्रामीण व रोहित के परिजन उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए शमशान घाट पहुंचे। जहां अंतिम संस्कार में खुद शामिल हुआ। उसे जानकारी मिली कि रोहित की मौत सीढ़ियों से गिरने से नहीं बल्कि उसके पिता जयप्रकाश द्वारा मारी गई चोटों के कारण हुई है।

## रवि हत्याकांड की जांच सीआईए को सौंपी

सोनीपत। मोहाना थाना क्षेत्र के गांव मोहाना में सात माह पहले हुई हत्या की रंजिश में युवक की सात गोली मारकर हत्या करने के मामले की आगामी जांच सीआईए गोहाना को सौंपी गई है। सीआईए गोहाना मामले में आगामी कार्यवाही करेगी। मोहाना गांव में युवक चाचा के साथ अपने बेटे को स्कूल में छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहे था। जहां बाइक पर आए हमलावरों ने उसे गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने युवक के चाचा के बयान पर 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने का मुकदमा दर्ज कर लिया था। गौरतलब है कि गांव मोहाना निवासी रोहताश ने गत 18 अप्रैल को पुलिस से बताया कि वीरवार सुबह करीब आठ उनका भतीजा रवि (30) अपने करीब पांच साल के बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहा था। वह भी उनके साथ स्कूल की तरफ चले गए। जब वह तथा रवि बच्चे को स्कूल छोडकर घर आ रहे थे तो निमार्णाधीन मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने बाइक सवार गांव के ही टिंकू को पहचान लिया। इस पर तीनों ने पिस्तौल निकालकर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक गोली चलने पर वह पास ही गली में भाग गए। इस दौरान हमलावरों ने करीब आठ राउंड गोली चलाई और सात गोली मारकर उनके भतीजे रवि की हत्या कर दी। हमलावरों ने धमकी दी कि आनंद की हत्या का बदला तुम्हारे सारे खानदान को खत्म कर लेंगे, अभी तो एक ही मारा। उसके बाद वह भाग गए। सरेआम युवक की हत्या से गांव में सनसनी फेल गई। सूचना के बाद मोहाना थाना प्रभारी अरुण कुमार और गोहाना सीआईए की टीम मौके पर पहुंची थी।

## चिराग का पार्थिव शरीर शहर पहुंचा, अंतिम संस्कार आज

### कनाडा में हमलावर ने मार दी थी गोली

**सोनीपत।** कनाडा के वैंकूवर शहर में हमलावरों की गोली का शिकार हुए सेक्टर-12 निवासी चिराग का शव सोनीपत स्थित सेक्टर-7 में उनके निमार्णाधीन मकान में पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास व कनाडा में रह रहे परिचितों की मदद से शव को कनाडा एयरपोर्ट से दिल्ली लाया गया। वहां से परिजन शव को लेकर सोनीपत पहुंचे।

मूलरूप से गांव बड़ौली फिलहाल सेक्टर-12 निवासी रोमित आंतिल ने बताया कि उनके भाई चिराग आंतिल कनाडा के वैंकूवर शहर में एमबीए की पढ़ाई करने गए थे। वह अब वर्क वीजा पर एक सिक्योरिटी कंपनी में काम करते थे। उन्हें 13 अप्रैल को वैंकूवर पुलिस ने मेल से जानकारी दी थी कि आपके भाई चिराग आंतिल की हत्या कर दी गई है। उसके बाद से परिवार के सदस्य कनाडा पुलिस व वहां रह रहे परिचितों के संपर्क में थे। परिवार के सदस्यों ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर व दूतावास से संपर्क की उनके भाई के शव को जल्द भारत पहुंचवाने की गुहार लगाई थी। जिस पर विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास व कनाडा में रह रहे परिचितों की मदद से सोमवार को शव पहले दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। वहां से परिजन देर शाम शव को लेकर सोनीपत पहुंचे। परिजनों का कहना है कि मंगलवार सुबह शव का गांव बड़ौली में यमुना घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### पिता की सेवानिवृत्ति बनी थी चर्चा का विषय

चिराग आंतिल के पिता महाबीर सिंह आंतिल चीनी मिल में इंस्पेक्टर थे। वह जनवरी, 2020 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी सेवानिवृत्ति के दौरान विदाई पार्टी पर क्षेत्र के किसानों ने उन्हें 15 लाख की क्रेटा गाड़ी, ढाई लाख रुपये कीमत की बुलेट बाइक व 10 लाख रुपये की मालाओं से उनका स्वागत किया था। क्षेत्र के विधायक मोहनलाल बड़ौली खुद उन्हें अपनी कार से घर तक लेकर आए थे।

फ्री मेगा कैंसर कैंप
+ पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
25 अप्रैल 2024, वीरवार | सुबह 10 से 2 बजे तक
74 96 96 50 54 | Sector-35, Suncity, Rohtak



विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# जीवन को निखार देती हैं किताबें

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

**किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।**

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ़ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

## विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।



## किताब को बनाएं अपना साथी

मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।

## पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी।



### बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

**आपके किताबों** से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।



**हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।**

# आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं



अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'

अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।

**परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करें:** कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**वैल्यू एडिशन करें:** आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

**निरंतर सीखें नए स्किल:** दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

**काम को पूरे मन से करें:** सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें।



### लोगों के साथ अच्छे संबंध रखें

**पर्सनल लाइफ** हो या प्रोफेशनल, हमें अपने हर काम के लिए कुछ लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों के साथ हमारा व्यवहार, बोलचाल का तरीका और संबंध कैसा है, इस पर हमारी कामयाबी निर्भर करती है। प्रबंधन गुरु ऑग मेडिनो कहते हैं, 'बिजनेस में 90 फीसदी ग्रोथ आपके मानवीय संबंधों पर टिकी होती है।' हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा 10,000 लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि हमारी तरक्की में पढ़ाई-लिखाई, अनुभव और स्किल हमारी सिर्फ 15 प्रतिशत मदद कर सकती है। बाकी 85 फीसदी योगदान लोगों के साथ मानवीय संबंधों पर निर्भर होता है, इसलिए अपना व्यवहार हमेशा नम्र और विवेकशील रखें। इस 21वीं सदी में आप सिर्फ बुद्धि के बल पर किसी से नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी क्षेत्र में आपसे ज्यादा बुद्धिमान है।

**आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।**



# आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण



ब्यूटी

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।

**कई तरह से उपयोगी :** आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है। आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

**ऐसे करें अप्लाई :** हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।



- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।
- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होती है।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी।

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

# वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन

गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। गर्मियों में कई लोगों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। समर सीजन के दौरान आपको अपने शरीर में पानी की उपलब्धता को हर घंटे पूरा करते रहना चाहिए। अगर आप शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या को नजरअंदाज करें तो इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स और फ्रूट्स को शामिल कर सकती हैं। ये पानी से भरपूर फल आपके शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा करते हैं और आपको एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं।



**तरबूजः** एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो हमें तुरंत रीचार्ज होने में मदद करता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

**खीराः** खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।



**दही :** गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, फूलगोभी, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं।

इनके अलावा फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना, छाछ, नीबू पानी और सादा पानी पर्याप्त मात्रा में लेने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

फिटनेस फंडा/ नीता शेट्टी

**सोनी सब चैनल के शो 'आंगन अपनों का' में दीपिका के रोल में नजर आ रहीं नीता शेट्टी शेयर कर रही हैं अपना फिटनेस फंडा।**

# स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा जरूरी है हेल्दी-फिट रहना



कई लोग स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए बड़ी मशक्कत करते हैं, हार्ड वर्कआउट करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करती। मेरा मानना है कि स्लिम और ट्रिम दिखना अच्छा तो लगता है लेकिन ऐसा दिखने से भी ज्यादा जरूरी है हेल्दी और फिट रहना, क्योंकि जब आप हेल्दी और फिट रहेंगी तब आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगी। आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी, पूरे दिन चुस्ती और स्फूर्ति बनी रहेगी।

**मेरी फिटनेस आइडियल हैं शिल्पा शेट्टी :** वैसे मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है, लेकिन जिस तरह से शिल्पा शेट्टी योगा और जिम के जरिए अपने आपको फिट रखती हैं, मुझे उससे काफी इंस्पिरेशन मिलती है। उन्होंने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर योगा के ट्रेंड की शुरुआत की थी।

**डेली डाइट प्लान :** मेरा कोई टफ डाइट प्लान नहीं है। डाइट को लेकर मेरा फंडा यह है कि आप दिन में हैवी और हेल्दी डाइट ले सकते हैं। यानी, ब्रेकफास्ट और लंच हैवी कर सकते हैं। शाम का नाश्ता थोड़ा लाइट लेना चाहिए। डिनर अगर देर में करना हो तो लाइट ही लेना चाहिए। अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर रहे हैं तो मीडियम ले सकते हैं। शाम को फल या सलाद खा सकते हैं, लेकिन वो भी कम मात्रा में। सुबह नाश्ते में मैं ओट्स या फ्रूट्स खाना प्रेफर करती हूं। लंच में ज्यादातर सब्जी, रोटी खाती हूं। कभी अगर मूड हुआ तो चावल भी ले लेती हूं। मेरा मानना है कि दिन के समय हैवी डाइट ले सकते हैं ताकि दिन भर एनर्जी बनी रहे लेकिन शाम की डाइट लाइट ही होनी चाहिए।

**वर्कआउट शेड्यूल :** जिस दिन मैं शूट नहीं कर रही होती हूं, उस दिन मैं कोशिश करती हूं कि उठने के बाद फ्रेश होकर जिम चली जाऊं। अगर सुबह नहीं जा पाई, तो शाम को चली जाती हूं। जिस दिन शूटिंग कर रही होती हूं, उस दिन जिम जाना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन जिस दिन जल्दी पैकअप हो जाता है, उस दिन तो मैं शाम को जिम चली ही जाती हूं। हालांकि मैं कोशिश जरूर करती हूं कि रोज जिम जाकर कुछ देर वर्कआउट करूं।

**मेंटल फिटनेस :** मेरा मानना है कि फिजिकल के साथ मेंटल फिटनेस पर ध्यान देना भी सभी के लिए बहुत जरूरी होता है। जिस तरह फिजिकल फिटनेस के लिए अपनी डाइट और वर्कआउट पर ध्यान देती हूं। उसी तरह मेंटली फिट रहने के लिए हमेशा खुश रहने की कोशिश करती हूं। जो भी करूं, दिल से और पॉजिटिविटी के साथ करने की कोशिश करती हूं। इसके अलावा मेंटली फिट रहने के लिए मैं पहले रेकी किया करती थी, हालांकि अब इतना टाइम नहीं मिल पाता है। लेकिन कोशिश करती हूं, जब-जब समय मिले कुछ देर मेडिटेशन जरूर करूं। इसके अलावा अच्छी मूवी देखकर, अच्छे-अच्छे गाने सुनकर खुद को खुश रखने का प्रयास करती हूं।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स


## अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार: राजीव



**सोनीपत।** श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने व्यास गद्दी पर विराजमान श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज का आशीर्वाद लेने के बाद कहा कि भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार है इसलिए ध्यान से श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान की सीधी कृपा बरसती है। दहिया कॉलोनी में आजाद यूथ चैरिटेबल सोसायटी द्वारा करवाई जा रही कथा में सोसाइटी के सदस्यों ने राजीव जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### अभिमन्यु ने यूपीएससी में 60वां रैंक प्राप्त किया



**सोनीपत।** 'जितना कठिन संघर्ष उतनी ही शानदार जीत'- इस बात को चरितार्थ करते लिटल एंजल्स स्कूल के पूर्व छात्र (2007-2008 बैच) अभिमन्यु ने यूपीएससी का 60वां रैंक हासिल किया। अभिमन्यु मलिक की यह सफलता विद्यालय व सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। अभिमन्यु मलिक ने रैंक में सुधार करते हुए पाँचवी बार परीक्षा देकर 60वां स्थान प्राप्त किया। अभिमन्यु बचपन से ही बेहद शांत स्वभाव के हैं। इन्होंने वर्ष 2014 में वाईएमसीए, फरीदाबाद से बीटेक किया।

### कुराश चैंपियनशिप में अमन ने जीता सोना



**गोहाना।** दक्षिण एशिया जूनियर कुराश चैंपियनशिप में खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के मेधावी खिलाड़ी अमन ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सोमवार को पदक विजेता खिलाड़ी को स्कूल में सम्मानित किया गया। समारोह के लिए नेतृत्व स्कूल के चेयरमैन पंकज जाले का रहा और अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की।

### विश्व धरा दिवस पर दो दो पौधों को गोद लिया

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित गवर्नमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को विश्व धरा दिवस पर कॉलेज परिसर में लगे पौधों में से दो-दो पौधों को गोद लिया। विद्यार्थियों ने गोद लिए पौधों की नियमित रूप से देखभाल करने का संकल्प किया तथा उनकी निराई और गुड़ाई करते हुए उनमें पानी दिया।

### अंतर्विद्यालय हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड में अंतर्विद्यालयी हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ऋषिकुल विद्यापीठ अलीपुर, ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी, तथा ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्राइमरी, मिडिल तथा सीनियर वर्ग के छात्रों ने दिए गए विषयों पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्य और राजनीति पर अपने विचार साझा किए।

## शिव मॉडर्न स्कूल में पृथ्वी दिवस पर किया पौधरोपण

# अधिक से अधिक पौधे लगाने का किया आह्वान

### पक्षियों के लिए पानी के बर्तन और दाना डालने की नित्य क्रिया करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिव मॉडर्न स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर अनेक गतिविधियां कराई गई। जिसमें पौधा रोपण, जागरूकता भाषण, पर्यावरण प्रश्नोत्तरी आदि प्रमुख थे। प्रातःकालीन प्रार्थना के उपरांत विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता सम्बंधित भाषण दिए। इसमें अध्यापकों की भी भागीदारी थी, उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए इनसे निजात पाने के उपाय बताए तथा पैराबैंगनी किरणों से बचाव में ओजोन परत का महत्त्व बताया। साथ ही एक पौधा घर एक पौधा स्कूल में अभियान के अंतर्गत विद्यालय में पौधा रोपण किया गया और अपने घर में भी पौधे लगाने के साथ के साथ छात्रों पर पक्षियों के लिए पानी के बर्तन एवं दाना डालने का कार्य नित्य क्रिया में शामिल करने की शपथ ली। कक्षा नर्सरी से तीसरी के विद्यार्थियों ने पौधों में पानी दिया और अपने प्रवेश को हरा-भरा रखने का प्रण भी लिया। विद्यालय की निदेशिका सुनीता ने समस्त गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि धरती माता के प्रति हमारा कर्तव्य है की हम वृक्षों की कटाई कम से कम करें तथा अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा करें। पृथ्वी दिवस पर उठाया गया यह कदम सराहनीय है। हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ सोनीपत के प्रधान एवं विद्यालय के चेयरमैन अजमेर सिंह ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर कराई गई समस्त गतिविधियां पर्यावरण सुरक्षा की ओर बढ़ाया गया एक ठोस कदम है। पर्यावरण सम्बंधित समस्त समस्याओं से हम निजात पाए इसका एक मात्र उपाय पौधे लगाना एवं उनकी सुरक्षा करना है। जब हम पौधों की देखभाल बच्चों की तरह करेंगे तभी पौधे अभिभावक की भांति हमे सुरक्षा प्रधान करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा अपने परिवेश को हरा-भरा रखने की सीख दी।



सोनीपत। पौधारोपण करते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। शहर के चौक पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।



स्कूल प्रबंधन व छात्रों के साथ पौधरोपण करते टीडीआई एस्पानिया के सदस्य।

### स्कूल में पृथ्वी दिवस को धूम-धाम से मनाया



**सोनीपत।** मालवीय शिक्षा सदन, सोनीपत में पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस उपलक्ष में विद्यालय में विशेष प्रार्थना के आयोजन के साथ-साथ कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए , जिसमें पृथ्वी दिवस के ऊपर एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही इसके अलावा पोस्टर मेकिंग में कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा नवीं तक सभी छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्य महोदय शम्मी सक्सेना जी ने छात्रों को पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए उन्हें अपनी पृथ्वी को साफ सुथरा रखना के लिए प्रेरित किया इसके अलावा हिंदू संस्था के अध्यक्ष महोदय राजीव अग्रवाल ने भी सभी छात्र छात्राओं को पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

### विद्यार्थियों ने दिया पृथ्वी बचाओ का संदेश

**सोनीपत।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पहचान बन चुके हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,महलाना रोड, सोनीपत में आज, *पृथ्वी दिवस के अवसर पर साइकिल मैन अरुण मलिक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।* उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण की स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हें अपने जीवन में पर्यावरण स्वच्छता के प्रति ईमानदार बने रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उस पेड़ को पालना चाहिए। वाहनों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करते हुए काफी गहन बातें समझाएं। हैप्पी चाईल्ड के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसाधारण को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने तिरंगा चौक पर तथा बड़ा हनुमान मंदिर पुलिस लाइन के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने इस नाटक के माध्यम से लोगों को धूम्रपान, पॉलिथीन, पान- गुटका, वृक्षों का कटाव तथा पटाखों के कारण फैलने वाले प्रदूषण से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराया और उन्हें इन सभी चीजों पर रोक लगाने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों ने पोस्टर से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में सोमवार को विश्व धरा दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण की स्वच्छता और प्रकृति के सौन्दर्य को बखूबी दर्शार्या। पोस्टर के साथ स्लोगन और भाषण के जरिए कक्षा 4 से 12 के बच्चों ने विश्व धरा दिवस पर प्रकाश डाला। कक्षा 7 के बच्चों ने लघु नाटिका प्रदर्शित की। विश्व धरा दिवस का कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद सदन के माध्यम से मनाया गया। कक्षा 10 के छात्र सक्षम, अंशी और निष्ठा ने कहा कि जनता को पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरों से आगाह करने की आवश्यकता है। भूस्खलन, ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण से पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचती है। पृथ्वी उसी अवस्था में फलती-फूलती रहेगी जब हर नागरिक पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प करे। वरिष्ठ शिक्षक अमरनाथ यति ने कहा कि इस वर्ष के विश्व धरा दिवस का ध्येय वाक्य ग्रह बनाम प्लास्टिक है। हमें प्लास्टिक के प्रयोग को निरुत्साहित करना होगा।

### विद्यार्थियों को पौधरोपण करने के लिए किया प्रेरित

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यापिका लक्ष्मी कौशिक ने 'प्लैनेट ब्लू' इस बात से अवगत कराया कि एक छोटा सा योगदान भी बदलाव ला सकता है। विद्यार्थियों ने टीडीआई एस्पानिया में जाकर पौधरोपण करके पृथ्वी को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही अपने आसपास के पौधों की हमेशा देखभाल करने की शपथ ली। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। साल 1970 से प्रारंभ हुए इस दिवस को आज पूरी दुनिया के 192 से अधिक देश मनाते हैं। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सितेंद्र सरोन, सुखविंदर सिंह खत्री , लखविंदर सिंह व आदेश वत्स ने संस्थान के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री की सराहना करते हुए कहा कि इस तरीके का सामाजिक कार्य समाज व पर्यावरण के लिए अति आवश्यक है। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा ने बताया कि यह दुनिया में सबसे बड़ा जन जागरूकता आंदोलन है।

### धरती की अच्छी सेहत के लिए प्राकृतिक खेती करें



**गोहाना।** भूमि परीक्षण अधिकारी डॉ. देवराज दलाल ने कहा कि जब धरती की सेहत अच्छी होगी तभी हर जीव सेहतमंद होगा। धरती की अच्छी सेहत के लिए किसान प्राकृतिक खेती अपनाएं। अगर जरूरत है तो फसलों में बहुत कम मात्रा में रासायनिक खाद, कीटनाशक और खरपतवारनाशक डालें। वे पृथ्वी दिवस पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में किसानों को जागरूक कर रहे थे। डॉ. देवराज दलाल ने कहा कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड जरूर बनवाएं। इससे किसान को उसके खेत की मिट्टी में आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्तता और कमी का पता चलेगा। किसान उसकी हिसाब से अपने खेत में उर्वरक डालें। सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण खासा ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य वायुमंडल और पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना है। किसान फसल अवशेष न जलाकर और प्राकृतिक खेती को अपनाकर प्रकृति संरक्षक की दिशा में सराहनीय काम कर सकते हैं।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर बेटियों ने पौधरोपण किया

**सोनीपत।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर बेटियों द्वारा पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण सोनीपत के गांव किलोहड़द में किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर बताया गया कि हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद है, कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आसपास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। यह मौका पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को लेकर लोगों को सचेत करने का है। ऐसे में अगर आप भी इस खास दिन पर अपने दोस्तों या रिश्तेदारों को जागरूक करना चाहते हैं। तो ज्यादा से ज्यादा अपने आसपास पौधारोपण करे। ट्री मैन देवेंद्र सूरा ने कहा विश्व पृथ्वी दिवस पर बेटियो दवारा पौधरोपण समाज के लिये प्रेरणा है किलोडद गांव के युवा पर्यावरण मित्र पौधारोपण के लिये बेहतरीन कार्य कर रहे है। इस अवसर पर वृक्ष मित्र राहुल राठी, बेटी तन्वी, काव्य, परी, जित्या, आरव,आरुष और बच्चों ने भी पौधारोपण मे बढ़चढ़ कर भाग लिया।



सोनीपत। पौधारोपण करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। पृथ्वी संरक्षण की शपथ लेते हुए महिला विश्वविद्यालय के आईएचएल के शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के भूगोल विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी ग्रह के हित में पर्यावरण संरक्षण अति महत्त्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने देश के युवा वर्ग को पर्यावरणीय सरोकारों से जोड़ने की जरूरत पर बल देते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा सस्टेनेबिलिटी को व्यापक मुहिम बनाने का आह्वान किया। भूगोल विभागाध्यक्षा डा. कोकिला मलिक ने बताया कि भूगोल विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्राओं ने पृथ्वी को बचाने के लिए बिजली, पानी व पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ ली। सभी ने बिजली का कम से कम उपयोग, पानी का दुरुपयोग न करने, प्लास्टिक व पॉलिथीन जैसी चीजों का प्रयोग रोकने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी शिक्षकों एवं छात्राओं ने दृढ़ संकल्प लिया कि वह सभी जीवन में कम से कम एक-एक पेड़ अवश्य लगाएंगे व उन्हें पूर्ण रूप से संरक्षित भी करेंगे ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका फायदा हो सके। डा. शर्मिला सांगवान, मीनू सांगवान, डा. मनीष पूनिया, सोनिया, विजय मलिक, सुनीता व रवि सहित छात्राएं उपस्थित रही।

### विश्व धरा दिवस पर बनाई आकर्षक पेंटिंग

**गोहाना।** विश्व धरा दिवस पर सोमवार को गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल और नालंदा वर्ल्ड स्कूल में बच्चों ने पेंटिंग सहित अन्य प्रतिगिताओं के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। समारोह की संयुक्त अध्यक्षता दोंनों स्कूलों के प्राचार्य क्रमशः वीरेंद्र सिंह मलिक और अनुपमा चौधरी ने की। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि स्कूल की एमडी रीना मलिक रहीं। रीना ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती है। हमें इस समस्या से निजात पाने के लिए पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देने की जरूरत है। दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, चित्रों में रंग भरना, अंग्रेजी भाषण और कविता वाचन प्रतियोगिताओं में अपनी शानदार प्रस्तुति दी और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।




प्रस्तुति देते हुए नालंदा वर्ल्ड स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### जेएलएन स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

गोहाना। शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। संचालन एमडी सुनील शर्मा ने किया और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन स्कूल के निदेशक राजकुमार जांगड़ा और उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जयंत कुमारी, द्वितीय स्थान पर शिवम एवं तृतीय स्थान पर प्राची का रहा। निर्णायक मंडल में यशपाल शर्मा, हरीश सैनी और राकेश शर्मा रहे।

# छात्रों ने भाषण और कविता से दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

- हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण व कविता के माध्यम से सभी लोगों को संदेश दिया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन मनाने का विषय नहीं है पृथ्वी की सुरक्षा हमारी सुरक्षा है। विद्यार्थियों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर एक एक्ट प्रस्तुत किया। जिसमें पेड़ पौधों के महत्व को दशार्या कि हरे भरे पेड़ पौधों से ही मनुष्य के साथ-साथ सभी जीव जंतुओं व पक्षियों का जीवन भी संभव है । विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक और पृथ्वी को बचाने के लिए लोग तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं और तरह-तरह के संकल्प भी लेते हैं इसके बावजूद भी हम अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं हम सभी को एक प्रण लेना चाहिए कि पौधे लगाने के साथ उनकी देखरेख करेंगे। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल ने भी संबोधित किया।



गन्नौर। छात्र पृथ्वी पर आयोजित कार्यक्रम में हरे रंग की पोशाक पहने हुए।

### हमारे गुरुओं के पाठ से दुखों का निवारण संभव

**सोनीपत।** शहर के मोहल्ला कोट स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में तीन दिवसीय वार्षिक धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने उपस्थित गुरुओं के सामने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। समागम में शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओ के प्रतिनिधियों के साथ-साथ शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कहा कि भगवान को जो कोई व्यक्ति जिस प्रकार से याद करता है जिस प्रकार से उसकी भक्ति करता है भगवान उसी प्रकार से अपने भक्त को फल प्रदान करते है। कार्यक्रम के पश्चात आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि का पटका एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विशंभर कुमार, प्रीतम कुमार, ओम प्रकाश नारंग, राजीव नारंग, भारत भूषण आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# 400 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

- समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलके के गांव रसोई में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने अपनी आंखें की जांच करवाई। शिविर में डॉ श्राफ चैरिटेबल अस्पताल व दृष्टि सेवा केंद्र से डा.धीरेंद्र सिंह, नरेंद्र भूटानी की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। शिविर में आए लोगों को दवाईयां व चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। शिविर में जांच के दौरान 46 लोगों के मोतियाबिंद के निशुल्क आप्रेशन करवाया जाएगा। रसोई गांव से काफी संख्या में शिविर का लाभ लिया। शिविर में गांव के अशोक प्रधान, चंदगी, सतबीर खरेटा, बीर सिंह, राजकुमार खरेटा, रामू, प्रकाश प्रधान, कृष्ण, रोहताश, पंडित चुनीलाल, पंडित जयकुवार, रमेश, सुरते खरेटा,राज सिंह, स्मेदीन, जयकुवार खरेटा, ओमकुवार, लक्ष्मण, रमेश खरेटा,जीत खरेटा, प्रकाश, पंडित राजबीर, रामफल, ईश्वर, प्रदीप, अमित खरेटा, विनोद, प्रेम खरेटा, पवन खरेटा, ईश्वर, वीरेंद्र, गौरव आदि शामिल रहे।




राई। जरूरतमंदों को चश्मे वितरित करते समाजसेवी प्रतिक राजकुमार शर्मा।

## टीडीआई एसपिनिया वेलफेयर एसो.के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

# समस्याओं का हल न होने पर भूख हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

टीडीआई एसपिनिया वेलफेयर एसो के पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर समाधान न होने पर कार्यालय में जाकर समाधान का मांग पत्र देते समाधान न होने पर भूख हड़ताल व धरने पर बैठने के लिए अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला नगर योजनाकार, डीसीपी सोनीपत, बहलागढ़ थाना प्रभारी से मांग की कि मामले में संज्ञान लेकर हमारी मदद करें अगर समाधान नही हुआ तो 28 अप्रैल के बाद भूख हड़ताल व धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। मजबूरन कालोनी निवासियों को भूख हडताल पर बैठना पड़ेगा। एसो. के सौंपे पत्र में बताया कि प्रशासन के आदेश के बाद भी टीडीआई प्रबन्धन व मैन्टेनेंस एजेन्सी अपने अडियल रवैये पर है। गत 9 फरवरी की बैठक में आदेश पारित किया था कि 15 मार्च तक यमुना वाटर की पानी की लाईन का कार्य पूरा करना है लेकिन उसे अभी तक आरम्भ भी नही किया गया है। ओकयूपेशन सर्टीफिकेट एप्लाई करने के लिए आपके आदेशानुसार 15 अप्रैल तक निश्चित किया गया था जो कि धरातल पर कोई भी कार्य नही हुआ। उनका कहना कि वे प्रशासन के आदेशों को कुछ नही समझते है। मैंटेनेंस देने के बाद भी कोई कार्य नही करा रहें है, दिन प्रतिदिन लिफट में खराबी रहती है व बच्चों व महिलाओं को जान का खतरा बना रहता है। सिक्योरिटी नाम मात्र से दिन प्रतिदिन सोसायटी में असमाजिक कार्य चलते है व झगडों का अंदेशा बना रहता है। उनका कहना कि वे 1300 टीडीएस का पानी पीने को मजबूर है जिसमे कोई ट्रीटमेन्ट नही किया जाता है, जिससे बीमारी फैलने का डर बना रहता है। एसटीपी वाटर की निकासी नही होने के कारण गंदा पानी पार्क में छोड़ दिया जाता है। संरक्षक अनिल शर्मा, प्रधान डीएल मल्होत्रा, सुरेश वत्स, दयान्नद, नरेश, जगदीश मौजूद थे।



राई। एसोसिएशन के पदाधिकारी अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर एसपिनिया कार्यालय में पहुंचे हुए। फोटो :हरिभूमि

**जल्द समामधानः उमा शंकरः** टीडीआई एसपिनिया के मैनेजर उमा शंकर ने बताया कि कुछ कार्य पैंडिग है। वे कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाएंगे। शीघ्र ही कुछ न कुछ समाधान निकालेंगे।




सोनीपत। धरती व पर्यावरण की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने उत्साह पूर्वक मनाया पृथ्वी दिवस

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को उत्साहपूर्वक विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्लोगन लिखकर, कविता पाठ व पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नौनिहालों ने उत्साह के साथ पौधरोपण किया। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में सभी ने भगवान से धरती व पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हमारी धरती व पेड़ों की छांव मां की गोद व आंचल के समान है। पर्यावरण की सुरक्षा से ही पृथ्वी सुरक्षित हो सकती है। सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व की प्रत्येक सभ्यता में प्रकृति की पूजा का प्रावधान है।

### पृथ्वी को संरक्षित करने का संकल्प



**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने पौधारोपण के साथ पृथ्वी को संरक्षित करने का संकल्प लिया7 कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्कूल के एमडी विकास मालिक रहे। एमडी ने अपने हाथों से पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। विकास मलिक ने कहा कि पेड़ हमारे प्राणदाता हैं। हमें इन्हीं से प्राण वायु मिलती है। पेड़ जहरीली गैसों को सोख कर हमें सांस के लिए स्वच्छ प्राण वायु प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की। उन्होंने कहा कि हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए बल्कि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिएं। कार्यक्रम में शिक्षकगण कविता चहल, सुदेश मालिक, रचना, रोहिल्ला, मोनी शर्मा, गीता राठौड़, अनिल रोहिल्ला, पवन यादव, प्रवीन कुकरेजा, आजाद शर्मा, सुरेंदर्र मालिक और विक्की सिहाग ने अपना सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### महिला ने तीन पर लगाया धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नांगल कलां की महिला ने अपने पड़ोसी समेत तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने, मारपीट करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। नांगल कलां निवासी प्रमिला ने बताया कि रविवार शाम को वह, उनका बेटा हिमांशु (16) और जेठानी संतोष घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उनका पड़ोसी राकेश, गांव का ही नरेंद्र व एक अन्य उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने उन्हें गोली देने से मना किया तो नरेंद्र ने पिस्तौल से उनके बेटे हिमांशु को मारने के लिए उनकी तरफ गोली चला दी।

### मादक पदार्थ तस्कर को दो साल कैद की सजा

**सोनीपत।** बरोदा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी करते हुए पकड़े गए आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने दोषी को दो साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बरोदा थाना के तत्कालीन एसआई राहुल कुमार ने पुलिस को बताया था कि वह 17 मई, 2021 को टीम के साथ आहुलाना के पास गश्त कर रहे थे। उन्हें एक युवक प्लास्टिक का जग लेकर संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। उसकी पहचान आहुलाना के वजीर के रूप में हुई थी। तलाशी लेने पर 510 ग्राम चरस बरामद हुई थी।

# सत्र समाप्त: मिल प्रबंधन ने 28 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की

## वर्ष 2023-24 के पेराई सत्र का गत नवंबर माह में हुआ था शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत दी सहकारिता चीनी मिल को वर्ष 2023-24 का पेराई सत्र सोमवार को समाप्त हो गया। मिल प्रबंधन की तरफ से गत एक सप्ताह से ज्यादा समय के लिए गन्ना उत्पादकों के लिए ओपन पर्ची कर रखी थी। सोमवार को यार्ड में गन्ना न होने के चलते नो केन की स्थिति पैदा हो गया। जिसके बाद प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र के समाप्त होने की घोषणा कर दी गई। मिल प्रबंधन की तरफ से उक्त पेराई सत्र में चीनी की रिकवरी गत पेराई सत्र से बेहत्तर करने में कामयाबी मिली है।

बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल के वर्ष 2023-24 के पेराई सत्र की शुरूआत नंवबर माह में हुई थी। जिले के करीब 1850 गन्ना उत्पादकों के साथ मिल प्रबंधन ने 33 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया है। शुरूआती दिनों में गन्ने की कमी होने के कारण पेराई सत्र को चलाने में कुछ परेशनी सामने आई थी, लेकिन उसके बाद पेराई सत्र बेहत्तर चला। वहीं बढ़ती गर्मी को देखते हुए मिल प्रशासन ने 20 अप्रैल 2024 तक पेराई सत्र को समाप्त करने का लक्ष्य रखा था। इसके लिए किसानों को पिछले कई दिनों से सीधे तौर पर गन्ना विभाग से सम्पर्क कर बचे हुए गन्ने को मिल में डालने के निर्देश दिए किए गए थे।

**रविवार कोीी टोकन जारी किए:** शुरूआत में मिल प्रशासन ने गत शनिवार शाम आठ बजे तक ही टोकन जारी करने का फैसला किया था, लेकिन किसानों के पास बचे हुए गन्ने को देखते हुए रविवार को भी टोकन जारी किए गए। सोमवार अल सुबह नो केन की स्थिति पैदा होने के बाद पेराई सत्र के समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

**पेराई सत्र में चीनी का रिकवरी रेट रहा बेहत्तर, एडवांस बुकिंग सिस्टम किसानों के लिए बना रामबाण**

**▪ जिले के करीब 1850 गन्ना उत्पादकों के साथ मिल प्रबंधन ने 33 लाख क्विंटल गन्ने का किया है करार**


### ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई

चीनी मिल का वर्ष 2023-24 पेराई सत्र सोमवार को समाप्त हो गया। गन्ना उत्पादकों के लिए मिल की तरफ से हर जरूरी कदम समय पर उठाने का काम किया। प्रबंधन की तरफ से किसानों के लिए ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। कर्मचारियों की मेहनत व गन्ना उत्पादकों के सहयोग से पेराई सत्र को चलाने में सफल रहे। आगामी पेराई सत्र के लिए समय से पहले ही जरूरी कार्यों को करने की प्रक्रिया तेज की जायेगी।

-**डा. संजय कुमार**, एमडी, चीनी मिल सोनीपत

### ऑनलाइन प्रक्रिया किसानों की बनी मददगार

सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से मौजूदा सत्र में मिल प्रशासन द्वारा किसानों के लिए कई सुविधाएं शुरू की। जिसमें सबसे खास एडवांस टोकन बुकिंग सिस्टम रहा। यह सिस्टम लागू होने के बाद किसानों को टोकन लगवाने के लिए सीधे मिल में पहुंचने की आवश्यकता नही पड़ी, बल्कि घर से ही अपने गन्ने का टोकन बुक कर लिया। जिसके बाद ऑनलाइन तरीके से टोकन नम्बर की मॉनिटरिंग की। जैसे ही टोकन नम्बर नजदीक आया, किसान अपना गन्ना लेकर मिल में पहुंच गए। इस सिस्टम के लागू होने के बाद मिल यार्ड में जाम की स्थिति से भी छुटकारा मिल गया। मिल में करीब 90 प्रतिशत कार्य ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए किया जाता है। जोकि मिल प्रबंधन की कुशल कार्यशैली व अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की मेहनत को दर्शाता है।



# अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मोहम्मद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

▪ कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ें

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मोहम्मद सोमवार को गढ़ी कला गांव में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर प्रदेश सचिव शकील खान, जिलाध्यक्ष शाहदीन खान, जिला महामंत्री इनाम, कार्यकारिणी सदस्य आबिद अली, जिला उपाध्यक्ष अलीहसन व सालिम, पूर्व जिला महामंत्री अमनप्रीत बबला ने जान मोहम्मद का फूलमालाओं से स्वागत किया। जान मोहम्मद ने कहा कि विपक्षियों ने मुस्लिम समाज को वोट बैंक के लिए केवल इस्तेमाल किया है।

भाजपा समय में मुसलमानों की हुई तरक्की को विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ें। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजद रहे।

### डंडे से हमला कर व्यक्ति को किया घायल

**गन्नौर।** ढुमेटा गांव में व्यक्ति ने डंडे से हमला कर गांव के ही एक व्यक्ति को घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में ढुमेटा के अनिल कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल को जब वह तूड़े वाले घेर में गया तो देखा कि उसके घेर की दीवार की की ईंट निकली हुई थी। आरोप है कि जगबीर ने अपने मकान बनाते समय उनकी दीवार के साथ छेड़खानी करके दीवार के ऊपर कड़ियां रख दी। यह देखकर जब उसने जगबीर को कहा तो जगबीर ने उसके साथ गाली गलौच कर उस पर डंडे से हमला कर दिया। जगबीर उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित जगबीर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भाषण स्पर्धा व लघु नाटिका से धरती बचाओ जीवन-बचाओ का संदेश दिया

▪ स्कूल के सीईओ रमेश वशिष्ठ ने पौधारोपण कर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर




**गन्नौर।** चाईल्ड केयर स्कूल के छात्र विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र पोस्टर व बैनर को दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग, लघु नाटिका व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया।

स्कूल के सीईओ रमेश वशिष्ठ ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उसे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंतित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। स्कूल के चेयरमैन अजय यादव ने इस अवसर पर सभी बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने जीवन में कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएं और उनकी बच्चों की तरह देखभाल करें और उन्होंने आगे कहा कि यह धरती हमारी नहीं बल्कि आने वाली भावी पीढ़ी की धरोहर है, हम तो इसके कस्टोडियन है। इस अवसर पर अध्यापक दीपक वशिष्ठ ने मंच संचालन किया। शिक्षिका पूनम गुप्ता,नीलम, ज्योति, अन्नू,कोमल, सुरेंद्र गाहल्याण आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### पीओएस मशीन से ही खुदरा विक्रेताओं व किसानों को वितरित करें खाद : डॉ पवन

**सोनीपत।** उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सोनीपत डा. पवन शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में सोमवार को खाद के थोक विक्रेता व खाद की कंपनियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी खरीफ सीजन 2024 के लिए खाद की आपूर्ति के संबंध में योजना बनाई गई।

▪ डॉ पवन शर्मा ने कहा, किसानों को खाद की किल्लत का सामना ना करना पड़े

बैठक के दौरान सभी कंपनियों व थोक विक्रेताओं को खरीफ सीजन 2024 में खाद की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सोनीपत डॉ पवन शर्मा ने सभी थोक विक्रेता व कंपनियों से आह्वान किया कि वे खरीफ सीजन 2024 में खाद के स्टॉक को पीओएस मशीन को एक सप्ताह के अन्दर -अन्दर अपडेट करे। इसके अलावा खाद को पीओएस मशीन के माध्यम से ही खुदरा विक्रेताओं व किसानों को वितरित करें जिससे किसानों को खाद की किल्लत का सामना ना करना पड़े। इसके अतिरिक्त किसानों को पक्के बिल के साथ ही खरीफ सीजन में उगने वाली फसलों के बीज का वितरण किया जाए। इस दौरान उपमण्डल कृषि अधिकारी गोहाना डॉ राजेन्द्र प्रसाद, गुण नियंत्रण निरीक्षक सोनीपत डॉ राकेश हुड्डा व विषय विशेषज्ञ (टी एण्ड आई) डॉ राहुल सैनी मौजूद रहे।

# जूनियर कबड्डी स्पर्धा में गन्नौर स्टेडियम की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



**गन्नौर।** जूनियर कबड्डी स्पर्धा की विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान व एम्योचर कबड्डी एसो. के सदस्य।

बादशाही रोड स्थित खेल स्टेडियम में जिलास्तरीय जूनियर लड़के व लड़की कबड्डी स्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें जिले भर से लड़कों की 12 व लडकियों की 6 टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने किया।

लड़के वर्ग में गन्नौर स्टेडियम ने खोखर अकेडमी सोनीपत को 25-22 अंक और लड़की वर्ग में घड़वाल ने खानपुर की टीम को 18-15 अंकों से पराजित कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को सुधारने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और सरल तरीका है। एम्योचर कबड्डी एसोसिएशन सोनीपत चेयरमैन बलबीर सिंह पहल व महासचिव कुलदीप सिंह ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय कबड्डी टूनार्मेंट में विजेता टीमों से बेहतर खिलाड़ियों का चयन 4 व 5 मई को कैथल के ग्योंग में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कोच सुरेंद्र दूहन, परमिंदर शर्मा, जिला पार्षद कविता शर्मा, सुनील पहल, अजय ठेकेदार, राजबीर रापरिया, सुनील कोच, सागर शर्मा, अर्जुन अवार्डी संदीप नरवाल आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सोनीपत।** जिलाधीश डा. मनोज कुमार ने मंगलवार श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा के दृष्टिगत कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22 (1) तथा 23 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। उन्होंने अपने आदेशों में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत जितेन्द्र शर्मा को थाना शहर एवं सिविल लाईन क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इस दौरान इनके साथ पुलिस विभाग से सहायक पुलिस आयुक्त शहर राहुल देव की ड्यूटी रहेगी। इसी प्रकार थाना सेक्टर 27 क्षेत्र के लिए तहसीलदार सोनीपत जिवेन्द्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है, इनके साथ पुलिस विभाग से सहायक पुलिस आयुक्त नरसिंह की ड्यूटी रहेगी। वहीं थाना सदर सोनीपत व खरखौदा क्षेत्र में तहसीलदार खरखौदा मनोज कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इनके साथ पुलिस विभाग से सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह की ड्यूटी रहेगी।




**राई।** पदक विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता व अन्य।

### ओम शांति शिक्षा सदन के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड में किया शानदार प्रदर्शन

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि अंग्रेजी भाषा ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए14 स्वर्ण पदक,12 पदक और 7 कांस्य पदक जीत करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के तीन छात्र राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक और रजत पदक से सम्मानित किए गए। निदेशक योगराज भारद्वाज ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल के छात्र विभिनन प्रतियोगिता में पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर चुके है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित पहुंचे पुलिस थाने

▪ एफआईआर के बाद डॉक्टर व नर्स की गिरफ्तारी नहीं होने से खरखौदा के लोगों मे रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते पीड़ित।

दिल्ली मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जुलाई में हुई जच्चा बच्चा की मौत के मामले में 9 महीने बाद फिर हुई एफआईआर के बाद डॉक्टर व नर्स की गिरफ्तारी की मांग को लेकर खरखौदा के वार्ड 15 के लोग पीड़ित नवीन के साथ खरखौदा पुलिस थाने में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 महीने से भी लगातार इंतजार कर रहे हैं और अब एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़ितों की मांग है कि आरोपी डॉक्टर बनारस को राहत देने के लिए पुलिस इस तरह मामले में ढील बरत रही है। जबकि इस मामले में केवल दो दोषी नहीं है बल्कि और भी स्टाफ दोषी है। उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो इस मामले में वे कमिश्नर से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

थाना प्रभारी अंकित कुमार का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जाएगा।




**गन्नौर।** प्रतिभागी छात्र अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर व बैनर दिखाते हुए।

### पृथ्वी दिवस पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, लगाए पौधे

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में पृथ्वी दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा नौवीं के छात्रों ने विशेष-प्रार्थना सभा करके सब का मन मोह लिया। उन्होंने पृथ्वी को बचाने के लिए कविता, नृत्य, लघु -नाटिका और स्लोगन के माध्यम से चार चांद लगा दिया । पृथ्वी दिवस पर सभी बच्चों ने विद्यालय में अपने नाम से एक पौधा लगाकर जागरूकता फैलाई कि हमें पृथ्वी का ताप कम करना है । छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि हम पृथ्वी को किस प्रकार से बचा सकते हैं और उसे हरा-भरा कर सकते हैं। पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्या रजनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है वातावरण में गर्मी बढ़ रही है बढ़ते तापमान के खतरे अनेक हैं लेकिन हमें अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग तो करना है पर उनके साथ खिलवाड़ नहीं करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**मोई माजरी में बाबा जिंदा नाथ का दो दिवसीय मेला संपन्नन**

# बाबा जिंदा धाम के दो दिवसीय मेले में पांच राज्यों से पहुंचे दो लाख श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गांव मोई माजरी में बाबा जिंदा नाथ का दो दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। मेले में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ, दिल्ली से आए लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। बाबा जिंदा नाथ और माता की समाधि पर माथा टेका मठाधीश महंत बाबा बालक नाथ का आशीर्वाद लिया।

समाधि स्थल श्री श्री 108 मठ जिंदा बाबा में चैत्र शुदी चौदस पर लगे दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन भीड़ अधिक होने पर श्रद्धालु धाम से करीब तीन किलोमीटर दूर अपने वाहन खड़े कर सड़क व खेत के रास्ते से निकल कर धाम तक पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा जिंदा नाथ समाधि के सामने मत्था टेक सुख-शांति की कामना की। सुरक्षा की व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। चप्पे-चप्पे नजर बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे इसके लिए एक कंट्रोल रुम बनाया गया था। उधर, पूजा-पाठ करने के बाद श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मठाधीश बाबा बाल नाथ ने मंगलकारी संदेश में कहा कि यह श्रद्धा भक्ति का सुंदर स्वरुप है। यहां हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर पूजा करते हैं। यह पहला ऐसा स्थल जहां देवर भाभी की एक साथ समाधि है और पुजा की जाती है।

S.V.M. SR. SEC. SCHOOL KHERI GUJJAR
सतकुम्भा विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
सतकुम्भा धाम, खेड़ी गुज्जर, त० गन्नौर, जिला सोनीपत
▶▶ बड़े वाटर कूलर की सुविधा
▶▶ आर.ओ की सुविधा
▶▶ खेल के मैदान की सुविधा
▶▶ स्मार्ट क्लास की सुविधा
▶▶ सायकाल खेलों की सुविधा
▶▶ सभी खेलों के अनुभवी प्रशिक्षक
▶▶ जेनरेटर की सुविधा
▶▶ खेल-खेल में शिक्षा की व्यवस्था
▶▶ विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा
▶▶ हराभरा खेल परिसर
▶▶ महीने के अंतिम शनिवार को क्विज कांटेस्ट
▶▶ समय समय पर अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जाँच
▶▶ सम्पूर्ण परिसर उच्चतम क्वालिटी के सी.सी.टी.वी. कैमरों की सुविधा
▶▶ कब्बडी नर्सरी सरकार से मान्यता प्राप्त।

Medical Non-Medical Commerce Arts
Admissions Open Sessions 2024-25
प्रधानाचार्य संयोगिता शर्मा मो. 94660-37292
अध्यक्ष कृष्णचन्द्र शर्मा मो. 94660-37292
सयोगिता शर्मा (प्रधानाचार्या) मो० 94660-37292
E-mail : svmschool.2013@rediffmail.com
कृष्णचन्द्र शर्मा (अध्यक्ष) Ph.: 94660-37292